स्तर 1 (सप्ताह 9)

गपशप/बातचीत करना

उद्देश : बच्चों में स्वतंत्र विचार एवं अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करना |

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- अपने परिवार के सदस्यों के साथ अलग-अलग विषय पर चर्चा करें| जैसे - उनके बचपन और उनके ज़माने के बारे में बातचीत करें, उन्हें बचपन में क्या अच्छा लगता था? क्या भाई-बहन आपस में लड़ते थे? किस बात पर लड़ाई होती थी? अपने दोस्तों के साथ कौन-कौन से खेल खेलते थे? कहाँ खेलते थे? क्या वे स्कूल जाते थे? उन्हें स्कूल जाना अच्छा लगता था? जब बड़े मन की बताएँ तो आप भी बेझिझक अपने मन की बात बताएँ| बातचीत का विषय कुछ भी हो सकता हैं| जैसे- कोई कहानी,कविता,घटना या कोई बात|

चित्र वाचन

उद्देश : 1. बच्चों के शब्द कोष में वृद्धि करना|

2. सोचने और अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने की दक्षता का विकास करना|

साहित्य : चित्र वाचन हेतु चित्र |

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :- घर में या आसपास मौजूद तस्वीरों के बारें में बातचीत कीजिए| उसमें क्या हो रहा है? यह तस्वीर कहाँ की है? किस बारे में है? कौन-क्या कर रहा है? आदि | कब की तस्वीर होगी? आप चाहो तो अपनी किताब से किसी भी तस्वीर पर भी बात कर सकते हैं| उस पर कोई कहानी बनाकर सुना सकते हैं| अगर तस्वीर पर कुछ लिखा है तो आप तस्वीर में दी गई चीजों के आधार पर अनुमान लगाकर पढने की कोशिश करें| चाहे तो आप किसी की मदद भी ले सकते हो|